इग्नू का 38वाँ दीक्षांत समारोह...

# 78 वर्षीय तिवारी ने ज्योतिष में प्राप्त की एमए की डिग्री

भोपाल (काप्र)।

**इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 38वाँ दीक्षांत समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय मैदानगढ़ी, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जहाँ धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री, इग्नू नई दिल्ली दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि थे।**



यह दीक्षांत समारोह इग्नू की 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर टेलिकॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से एक साथ आयोजित किया गया। इसमें पूरे भारत वर्ष में 3,13,770 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। भोपाल में यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के सभागार में आयोजित किया गया,जहां पर 2004 से अहर्य अभ्यर्थियों में से 250 से भी अधिक विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की गयी। क्षेत्रीय केन्द्र के समारोह में प्रो सुरेश कुमार जैन कुलगुरु बरकतउल्ला विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि ने क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल के उपाधि धारक को संबोधित किया।भोपाल क्षेत्रीय केंद्र पर 867 मास्टर लेवल प्रोग्राम, 507 ग्रेजुएशन लेवल प्रोग्राम 430 पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा तथा 200 उपाधियाँ सर्टिफिकेट प्रोग्राम की सफल अभ्यर्थियों को प्रदान की गईं । भोपाल केंद्र से 1210 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी एवं 85 विद्यार्थियों को डिस्टिंशन के साथ उपाधियाँ प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त चालीस (40) उपाधियाँ जेल अध्ययन केंद्र के बंदी छात्रों को भी प्रदान की गई। भारतीय ज्ञान परंपरा के पाठ्यक्रम (ज्योतिष) एवं वास्तु में डिप्लोमा को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने हेतु 28 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। क्षेत्रीय केंद्र पर संचालित मॉडल अध्ययन केंद्र कोड-1500 से जुड़े हुए 383 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएँगी जो संख्या पूर्व के वर्षो से बहुत अधिक है।

डॉ. बिनी टॉम्स, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक ने अपने स्वागत भाषण में समस्त उपाधि धारक विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, कि भारत जैसे विशाल देश के लिए दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा एक सुदृढ़ विकल्प है जो गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उच्च शिक्षा में प्रतिभागिता के प्रतिशत को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. सुरेश कुमार जैन कहा, कि इग्नू अपनी उत्कृष्ट पाठ्य-सामग्री के माध्यम से इग्नू, सार्वभौमिक रूप से ज्ञान, समाज के हर वर्ग एवं भौगोलिक रूप से सुदूर क्षेत्रों में असीमित छात्रों तक पहुँचाने की क्षमता रखता है।

क्षेत्रीय केंद्र भोपाल पर 78 वर्षीय वृंदावन प्रसाद तिवारी ने एमए(ज्योतिष) की डिग्री प्राप्त की तथा लगभग 25 अन्य ऐसे विद्यार्थी थे जिन्होंने 60 वर्ष के उपरांत अपनी जीवन पर्यन्त शिक्षा को जारी रखा एवं ज्योतिष लोक प्रशासन तथा हिंदी साहित्य विषयों में डिग्री हासिल की। इस अवसर पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, इग्नूएमएसडीई प्रसार केन्द्र, जन शिक्षण संस्थान एवं क्राइस्ट कॉलेज के विद्यार्थियों/लाभार्थियों द्वारा बनाए हस्त कलाओं का प्रदर्शन किया गया।



## प्राक्कलन समिति की बैठक

मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक बुधवार को विधानसभा परिसर में संपन्न हुई। इसमें भोपाल स्मार्ट सिटी एवं मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने समिति को स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों एवं मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सभापति अजय बिश्नोई, सदस्य भगवानदास सबनानी, ओमप्रकाश धुर्वे, राजेश वर्मा, अभय मिश्रा, दिनेश बोस, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात समिति ने स्मार्ट सिटी के तहत नवनिर्मित शासकीय आवास गृह, अटल पथ, स्मार्ट रोड, दशहरा मैदान,सदर मंजिल आदि निर्माण कार्यों का अवलोकन-निरीक्षण किया तथा मेट्रो रेल ट्रायल में समिति सम्मिलित हुई।

## रहवासी इलाके में शराब की दुकान के विरोध में उतरे स्कूली बच्चे




**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता की परेशानियों को देखते हुए धार्मिक स्थलों से शराब की दुकानों को हटाने के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लेकिन राजधानी के रहवासी इलाकों में अलॉट की गई दुकानें आम जनता के लिए भारी परेशानी का सबब बन रही हैं, लेकिन एक शराब दुकान शहर के स्टेशन रोड स्थित साईराम कालोनी सेमरा गेट मुख्य मार्ग पर संचालित होती है जो कि धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक संचालित की जा रही है।

यह दुकान के सभी दस्तावेज चांदबड़ के नाम से हैं जिसकी दुकान से दूरी 500मीटर है जिससे शराब की दुकान से हर रोज शाम को शराबियों के हरकतों से स्थानीय रहवासी, महिलाएं और स्कूली बच्चों का सामना हो रहा है। इसके विरोध में आज बुधवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकन विरोध प्रदर्शन किया।

स्थानीय रहवासी विशाल कुरील जीतू मालोटीया, छोटू प्रजापति ने बताया कि साईं राम कालोनी स्टेशन मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान है सोचिए नन्हे मुन्ने बच्चे-बच्चियां स्कूल में विद्या ग्रहण करने आते हैं तो कितनी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता होगा और विद्यालय के निकट शराब की दुकान होने पर बच्चों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता है। यहां से गुजरते समय कई बार तो नशे में धुत व्यक्ति गलत व्यवहार भी करते हैं जिससे आए दिन झगड़ा होता है। शाम के वक्त तो यहां से निकलने तक को जगह नहीं रहती। हमारी माताएं बहने जो अपने बच्चों को विद्यालय लेने आती है कई बार तो उन्हें सौ मीटर स्थित अपने घर जाने के लिए 500 से 800 मीटर घूमकर जाना पड़ता है।

## कलेक्टर सिंह ने बैरसिया का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया

भोपाल (काप्र)।

**कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज बैरसिया का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा, मंडी सचिव सुनील एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य एच. एन. मिश्रा भी उपस्थित रहे**

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के साइट इंजीनियर को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, एसडीएम बैरसिया को निर्देशित किया कि स्कूल की बाउंड्री वॉल और उसके गेट के सामने का अतिक्रमण हटाया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि उपज मंडी बैरसिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ई-मंडी के कार्यों का स्वयं पोर्टल पर परीक्षण किया। उन्होंने आगामी उपार्जन कार्यों के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम और भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी बैरसिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील बैरसिया में संपादित होने वाले राजस्व कार्यों का परीक्षण करते हुए एसडीएम बैरसिया को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर एंट्री, सीएम हेल्पलाइन सहित सभी कार्यों में एक सप्ताह के भीतर उल्लेखनीय प्रगति का लक्ष्य प्राप्त किया जाए।



## जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



भोपाल (काप्र)।

**जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की मैन, लेडीज़ तथा यूथ विंग की नई प्रबंध समिति की स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कोलार रोड स्थित होटल प्राइड में टीम जीतो एपेक्स की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, एपेक्स मेंबर्स विजय भंडारी, ललित कुमार दांगी, डीके जैन, हितेन्द्र मेहता, विनोद दुगड़, अखिलेश जैन, प्रखर मेहता, सुशील बरलोटा, दिलीप सी जैन, डॉ.शैलेश लुनावत, मनोज पारेख, सुनील जैन 501, रचना जैन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात महिला विंग की सदस्यों द्वारा मंगलाचरण मनभावन नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व सभी आगंतुकों का दुपट्टे तथा तिलक लगाकर स्वागत किया गया वहीं मुख्य अथितियों को पुष्प गुच्छ भेंट किये गए। एमपीसीजी जोन अध्यक्ष अखिलेश जैन तथा एमपीसीजी जोन उपाध्यक्ष सुशील बरलोटा द्वारा जीतो की कार्यप्रणाली, विभिन्न योजनाओं तथा उनसे लाभान्वित होने वाले विभिन्न वर्गों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। हेमलता जैन रचना ने बताया कि इस अवसर पर जीतो भोपाल चैप्टर मेंस के अध्यक्ष- प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष- विजय तारण, मनोज पारिख, मुख्य सचिव- सी.ए. वैभव जैन, सचिव- राजीव जैन, गौरव नाहर, कोषाध्यक्ष- होशांग बजाज तथा एग्जीक्यूटिव मेंबर सुनील गोधा बने, वहीं महिला विंग में श्रीमती प्रतिभा जैन टोंग्या ने अध्यक्ष, आरती जैन 501, जिज्ञासा तामोट ने उपाध्यक्ष, पूजा जैन ने मुख्य सचिव, संगीता चौधरी, सिम्मी जैन ने सह सचिव तथा प्रेरणागोधा ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की।

## साहित्योत्सव में दीपक का कविता पाठ



**भोपाल।** साहित्य अकादमी, नईदिल्ली का वार्षिक साहित्योत्सव आगामी 7 से 12 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में राजधानी के चर्चित कवि दीपक पगारे को कविता पाठ के लिए आमंत्रित किया गया है। उत्सव के दौरान वे 10 मार्च को आयोजित 'सीधे दिल से' शीर्षक बहुभाषी कविता सम्मेलन में हिंदी कवि के तौर पर शामिल होंगे। इस सत्र की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र कर रहे हैं। उत्सव में देश के लगभग 500 से ज्यादा साहित्यकार विभिन्न सत्रों में भागीदारी करेंगे। मालूम हो कि पेशे से पत्रकार दीपक पगारे की पहचान एक कवि के रूप में है। 'लौटेगी नदी एक दिन' शीर्षक एक कविता संकलन प्रकाशित हो चुका है। इसके अलावा मंच संचालन और उद्घोषणा के क्षेत्र में भी वे दखल रखते हैं।

## संजीवनी क्लीनिक सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन



**भोपाल( काप्र )। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि निरोगी काया भगवान का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। श्रीमती गौर निर्मल पैलेस अवधपुरी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।**

श्रीमती गौर ने कहा कि क्लीनिक की लागत 23 लाख रुपए है। जिसका निर्माण निरोगी काया अभियान के तहत किया गया है। क्लीनिक पर मरीजों के लिए डायबिटीज, खून और ब्लड प्रेशर आदि की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने वार्ड 61 के रामजानकी मंदिर पार्क अवधपुरी में 7 लाख रूपये के स्लेव एवं प्लेटफार्म, अवधपुरी के टैगोर नगर, भावना परिसर फेज-1 में 4 लाख रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड 61 के इंदिरा नगर में 17 लाख रुपए लागत का सीवेज नेटवर्क कार्य तथा अवधपुरी के गोपाल नगर बी-सेक्टर में 10 लाख रुपए लागत के सीसी रोड के निर्माण का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती मधु शिवनानी, वी शक्ति राव, संजय शिवनानी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धोटे, गणेश राम नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस में न्यूरोथैरेपी स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लिया लाभ

भोपाल (काप्र)।



**रेडक्रास चिकित्सालय के आयुष केन्द्र में आयोजित निःशुल्क न्यूरोथैरेपी स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ रेडक्रास के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह एवं प्रबंध समिति सदस्य लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर न्यूरोथैरेपी चिकित्सक डॉ. प्रद्युम्न गुप्ता एवं डॉ. अमित बाघचैरे सहित रेडक्रास स्टॉफ उपस्थित थे। शिविर में उपचार हेतु आये मरीजों को दवा रहित उपचार भी किया गया। आज 80 मरीजों द्वारा उपचार कराया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारी जैसे जोंड़ों के दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, पीठ दर्द, कंधा दर्द, मंदबुद्धि बच्चे, सीपी चाइल्ड, मंगोल चाइल्ड, अनिद्रा, डिप्रेसन, पारकिसन, हार्ट, किडनी, लीवर, अस्थमा, थायराइड, महिलाओं के मासिक संबंधी विकार पेट संबंधी गैस, अपच, कब्ज, पाइल्स, भूख न लगेना आदि की समस्या का निदान हेतु परामर्श के साथ दवा रहित उपचार भी किया जा रहा है। शिविर 6 मार्च को भी जारी रहेगा।

## उपनिदेशक ने किया मानव संग्रहालय का राजभाषा निरीक्षण

**भोपाल। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में बुधवार को उपनिदेषक-राजभाषा, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, डॉ. नरेंद्र सिंह मेहरा द्वारा राजभाषा निरीक्षण किया गया।**



संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडे ने श्री मेहरा का स्वागत किया। प्रो पांडे ने कहा कि संग्रहालय के अधिकारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करना चाहिए। कम्प्यूटर के माध्यम से कार्य करने में यूनिकोड का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के साथ राजभाषा क्षेत्र में सहयोगात्मक कार्य करने के लिए उप निदेषक को प्रस्ताव दिया। संग्रहालय के हिन्दी अनुवादक श्रीमती सीमा द्वारा वर्ष 2024 में राजभाषा के क्षेत्र में किये गये कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। डा. मेहरा ने संग्रहालय के राजभाषा के परिपालन में किये जाने वाले कार्यों एवं दस्तावेजों का अवलोकन किया। डा. मेहरा ने अपने उदबोधन में कहा कि बोलचाल में सहज और सरल हिन्दी का उपयोग किया जाना चाहिए न कि क्लिस्ट हिंदी का। उन्होंने बताया कि राजभाषा अधिनियम 3(3) का परिपालन किया जाना चाहिए तथा हिन्दी में प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर आवश्यक रूप से हिन्दी में दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. मोहम्मद रेहान, पुस्तकालय एवं सुचना सहायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन संग्रहालय के नवनियुक्त जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार द्वारा किया गया।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस. ए.आर.बी.) सागर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474001, मो. नं. 78801-53116
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in I Web : bankofbaroda.com

परिशिष्ट चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

| कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता | ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि | नीलामी की तारीख एवं समय | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| **ऋणी - श्रीमती नीलम सिंह राजपूत पत्नी हेमन्त सिंह राजपूत** पता: मकान नं. 417,रॉयल सिटी विदिशा, (म.प्र.)-464001 **जमानतदार-श्री राहुल दांगी पुत्र श्री राम दांगी** पता: ग्राम सुमेर मुराहार, गंजबासौदा, विदिशा, (म.प्र.)-464337 | **सम्पत्ति स्वामी- श्रीमती नीलम सिंह राजपूत पत्नी हेमंत सिंह राजपूत-**संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें सर्वे नंबर 633/8 और 635/2 जय प्रकाश नगर रॉयल सिटी कॉलोनी के पीछे वार्ड नंबर 26 (नया) तहसील विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.) **644.61 वर्ग फीट। चतुर-सीमाएं: पूर्व-** भूमि विजय एम काद्रे, **पश्चिम-**10 फीट चौड़ी गली, **उत्तर-** मालिक का प्लाट, **दक्षिण-**19 फीट चौड़ी सड़क | ₹ 5,81,000/- / 58,100/- / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 05.02.2019 / 03.05.2019 / ₹ 6,65,557.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (सांकेतिक आधिपत्य) |
| **ऋणी - श्रीमती नीलम सिंह राजपूत पत्नी हेमन्त सिंह राजपूत** पता: मकान नं. 417,रॉयल सिटी विदिशा, (म.प्र.)-464001 **जमानतदार-श्री राहुल दांगी पुत्र श्री राम दांगी** पता: ग्राम सुमेर मुराहार, गंजबासौदा, विदिशा, (म.प्र.)-464337 | **सम्पत्ति स्वामी- श्रीमती नीलम सिंह राजपूत पत्नी हेमंत सिंह राजपूत-**संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसमें सर्वे नंबर 457/4 शामिल है। पी.एच. नंबर 51, गांव लश्करपुर, **क्षेत्रफल 7320 वर्ग फीट है। चतुर-सीमाएं: पूर्व-**यशपाल की जमीन, **पश्चिम-**रघुवीर सिंह की जमीन, **उत्तर-** बृजेंद्र सिंह और मंदिर की जमीन, **दक्षिण-**भवानी सिंह की जमीन | ₹ 3,27,000/- / 32,700/- / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 05.02.2019 / 03.05.2019 / ₹ 6,65,557.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (सांकेतिक आधिपत्य) |
| **ऋणी: श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नी श्री दिनेश प्रजापति** पता: मकान नं. 25, गली नं.1, चांदबाद के पास आर्य गैल एजेंसी, हुजुर, भोपाल-462010 | **सम्पत्ति स्वामी-श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नी दिनेश प्रजापति-**आवासीय फ्लैट, फ्लैट नं. 01, चतुर्थ मंजिल में स्थित शिप्रा ब्लॉक 1, प्लॉट नं. 10 का हिस्सा, सेक्टर-डी, औद्योगिक क्षेत्र वार्ड नं.13, मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र.**क्षेत्रफल 600 वर्गफुट, चतुर-सीमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्व:** क्षिप्रा ब्लॉक 01 चौथा फ्लोर फ्लैट नं. 02, **पश्चिम:** खुला, **उत्तर:** खुला, **दक्षिण:** गलियारा | ₹ 5,00,000 / 50,000 / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 24.10.2019 / 24.08.2020 / ₹ 12,28,884.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (भौतिक आधिपत्य) |
| **ऋणी: श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नी श्री दिनेश प्रजापति** पता: मकान नं. 25, गली नं.1, चांदबाद के पास आर्य गैल एजेंसी, हुजुर, भोपाल-462010 | **सम्पत्ति स्वामी-श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नी दिनेश प्रजापति-**आवासीय फ्लैट नं. 02, चतुर्थ मंजिल में स्थित शिप्रा ब्लॉक 1, प्लॉट नं. 10 का हिस्सा, सेक्टर-डी, औद्योगिक क्षेत्र वार्ड नं.13, मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र. **क्षेत्रफल 600 वर्गफुट, चतुर-सीमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्व:** क्षिप्रा ब्लॉक 01 चौथा फ्लोर फ्लैट नं. 03, **पश्चिम:** क्षिप्रा ब्लॉक 01, चौथी मंजिल फ्लैट नं. 01, **उत्तर:** खुला, **दक्षिण:** गलियारा | ₹ 5,00,000 / 50,000 / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 24.10.2019 / 24.08.2020 / ₹ 12,29,182.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (भौतिक आधिपत्य) |
| **ऋणी: श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नत्थूराम शिवनानी** पता: एलआईजी 206, सेक्टर-बी, सोनागिरी भोपाल - 462022 | **सम्पत्ति स्वामी-श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी -** वह सब भाग और आवासीय फ्लैट का पार्सल स्थित है फ्लैट नंबर 05, चौथी मंजिल, शिप्रा पर ब्लॉक -1, प्लॉट नंबर 10 का हिस्सा, सेक्टर डी, औद्योगिक क्षेत्र, वार्ड नंबर 13, मंडी-गहरा, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र., **क्षेत्रफल 600 वर्गफुट, चतुर-सीमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्व:** शिप्रा ब्लॉक- 01, फ्लैट नंबर 04, **पश्चिम:** शिप्रा ब्लॉक-01, फ्लैट नंबर 06, **उत्तर:** गलियारा, **दक्षिण:** शिप्रा ब्लॉक 02, फ्लैट नंबर 02 | ₹ 5,00,000 / 50,000 / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 03.02.2020 / 24.08.2020 / ₹ 12,36,928.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (भौतिक आधिपत्य) |
| **ऋणी: श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नत्थूराम शिवनानी** पता: एलआईजी 206, सेक्टर-बी, सोनागिरी भोपाल - 462022 | **सम्पत्ति स्वामी-श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी -** वह सब भाग और आवासीय फ्लैट का पार्सल स्थित है फ्लैट नंबर 06, चौथी मंजिल, शिप्रा पर ब्लॉक -1, प्लॉट नंबर 10 का हिस्सा, सेक्टर डी, औद्योगिक क्षेत्र, वार्ड नंबर 13, मंडी-गहरा, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र., **क्षेत्रफल 600 वर्गफुट, चतुर-सीमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्व:** शिप्रा ब्लॉक- 01, फ्लैट नंबर 05, **पश्चिम:** खुला **उत्तर:** कॉरिडोर, **दक्षिण:** शिप्रा ब्लॉक 02, फ्लैट नंबर 01 | ₹ 5,00,000 / 50,000 / 10,000 | 25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 03.02.2020 / 24.08.2020 / ₹ 12,24,450.00 +ब्याज एवं अन्य खर्चे (भौतिक आधिपत्य) |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53122

स्थान: ग्वालियर दिनांक: 05/03/2025 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा